भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4522
जिसका उत्तर बुधवार 12 अप्रैल, 2017 को दिया जाना है

**"फेम इंडिया स्कीम"**

**4522. श्री ए. के. सेल्वाराज:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार 1 अप्रैल, 2017 से देश में इलैक्ट्रिक या हाईब्रिड सभी वाहनों की खरीद संबंधी सब्सिडी कार्यक्रम, जो वर्तमान में बड़े शहरों तक ही सीमित है, को बढ़ाएगी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है।

(ग) क्या यह भी सच है कि सरकार फास्टर अडॉप्शन एवं मैन्युफैक्चरिंग (हाईब्रिड) इलैक्ट्रिकल व्हीकल्स इन इंडिया (फेम इंडिया) स्कीम को राष्ट्र व्यापी रूप से प्रारंभ करने जा रही है;

(घ) क्या अप्रैल, 2015 में शुरू की गई योजना का पहला चरण बड़े शहरों तक सीमित था और यह मार्च, 2017 में समाप्त होगा; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

**(क) से (ङ):** फेम इंडिया स्कीम जो कि प्रमुख नगरों तक सीमित है, के चरण-I को इस स्कीम के अंतर्गत माइल्ड हाइब्रिड टेक्नालॉजी के लिए उपलब्ध लाभों को छोड़ते हुए मामूली संशोधन के साथ 31 मार्च, 2017 से आगामी 30 सितम्बर, 2017 तक 6 माह की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है।

चरण-I के निष्कर्ष एवं प्राप्त हुए अनुभव के आधार पर, चरण-I की अवधि के पश्चात् कार्यान्वयन के लिए स्टेकहोल्डर्स से जानकारी प्राप्त करके इस स्कीम की उचित रूप से समीक्षा की जाएगी।

*****